हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, गुरुवार 13 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 28.0 डिग्री

न्यूनतम 13.0 डिग्री

11 जनजातीय गौरव दिवस हमारे गौरवशाली...



12 सोसाइटी कर्मचारी हड़ताल पर, 15 को होगी...





## मांग : बैंक में ताला जड़ अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ, मैनपुर में ग्राहक होते रहे परेशान

# वेतनवृद्धि की मांग पर सहकारी बैंक कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, बैंकिंग सेवाएं ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

वेतनवृद्धि की अपनी लंबित मांग को लेकर जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के कर्मचारी बुधवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस हड़ताल के कारण बैंक की सभी शाखाओं में ताले लटक गए हैं और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग कार्य पूरी तरह ठप्प हो गया है। तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य गेट पर ताला जड़कर, बैंक के अधिकारी-कर्मचारी दिनभर नारेबाजी करते नजर आए। वहीं दूसरी ओर, यहाँ के ग्राहक और लेनदेन करने वाले किसान बेहद परेशान होते देखे गए। ज्ञात हो कि मैनपुर, देवभोग, गोहरापदर सहित पूरे वनांचल ग्रामीण क्षेत्र में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के ग्राहकों की संख्या सबसे अधिक है, और किसान मुख्य रूप से इसी बैंक से लेनदेन करते हैं। बैंक में ताला लग जाने के कारण किसानों व क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### प्रदेश भर की 73 शाखाएं बंद

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कर्मचारी संघ, रायपुर के आह्वान पर, प्रदेश के सभी 73 सहकारी बैंकों में आज 12 नवंबर से ताला लगाकर अधिकारी-कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। बैंक की समस्त 73 शाखाओं सहित बैंक मुख्यालय के सभी अधिकारी कर्मचारी इस आंदोलन में शामिल हैं। शाखा प्रबंधक नैनसिंह दाउ ने भी पुष्टि की कि वेतनवृद्धि की एक-सूत्रीय मांग को लेकर वे आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं, जिसके कारण बैंक बंद रहेगा।



### न्यायालय के आदेशों की अवहेलना

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ ने बताया कि वे संघ के बैनर तले आंदोलन कर रहे हैं। उनकी एक-सूत्रीय मांगवर्ष 2021 से लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि को लागू करना है। कर्मचारियों का कहना है कि यह आंदोलन सरकार और सहकारिता विभाग के अड़ियल रवैये की प्रतिक्रिया है।

### उच्चतम न्यायालय के निर्णय

कर्मचारियों ने बताया कि माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयादेशों के उपरांत भी उन्हें लंबित वेतनवृद्धि नहीं दी गई। वेतन वृद्धि और पाँच वर्षों के एरियर्स भुगतान को लेकर उच्च न्यायालय की एकल और युगल पीठ दोनों में कर्मचारियों को जीत मिली, लेकिन आदेश लागू नहीं किए गए। कर्मचारियों ने इसे न्यायालय की अवमानना और उनके संवैधानिक अधिकारों की अवहेलना बताया है।

## सहकारी बैंक कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू



छुरा। जिला सहकारी बैंक कर्मचारी संघ ने अपना क्रमिक आंदोलन शुरू कर दिया। पहले दिन काली पट्टी लगाकर विरोध जताया। इसके बाद 06 नवम्बर को एक दिवसीय सामूहिक अवकाश लेकर बैंक की सभी शाखाएं एवं एटीएम बंद किया। उसके उपरांत भी स्वीकृति आदेश जारी नहीं होने पर 12 नवम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ किया। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहन लाल साहू ने बताया कि रायपुर, महासमुन्द, धमतरी, गरियाबंद, बलौदाबाजार-भाटापारा एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ स्थित 73 शाखाओं के कर्मचारी आंदोलन कर रहे हैं। वे सभी वर्ष 2021 से देय वार्षिक वेतनवृद्धि की स्वीकृति उच्च न्यायालय के स्पष्ट निर्णयादेशों के उपरांत भी बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ, छग द्वारा नहीं दिया जा रहा। उल्लेखनीय है कि, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक रायपुर के सेवायुक्तों को प्रतिवर्ष 01 अप्रैल से वार्षिक वेतनवृद्धि दिया जाता रहा है, किन्तु बैंक के प्राधिकृत अधिकारी एवं पंजीयक, सहकारी संस्थाएँ, वर्ष 2021 से लगातार 5 वर्षों से वेतनवृद्धि का लाभ नहीं दिया जा रहा है। ज्ञातव्य हो कि सहकारिता पंजीयक द्वारा प्रदेश के अन्य जिला सहकारी बैंकों एवं अपेक्स बैंक हेतु जारी आदेश से भिन्न सहकारी बैंक में प्रचलित सेवानियम के प्रावधानों के विपरीत पवनाथन कमेटी की सिफारिशों का हवाला देते हुए, जिला बैंक रायपुर के लिए बंधनकारी आदेश जारी करते हुए वार्षिक वेतनवृद्धि को बाधित किया गया है, जो कि दुर्भावनापूर्ण है। प्रमुख रूप से शाखा प्रबंधक एस एस सोम, गजेन्द्र साहू, हरिचन्द्र साहू, हितेश धुव चन्दन यादव सहित कर्मचारी उपस्थित थे। हड़ताल में जिले 9 शाखा के लगभग 45 कर्मचारियों ने शामिल हुए।

## सहकारी समिति कर्मचारियों का नौवें दिन भी धरना, धान खरीदी व बैंकिंग प्रभावित

**मुड़ागांव (कोरासी)।** छत्तीसगढ़ में सहकारी संस्थाओं से जुड़ी सेवाओं पर हड़ताल का गहरा असर पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी संघ और छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कंप्यूटर ऑपरेटर संघ का संभागीय स्तर पर संयुक्त अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन पिछले नौ दिनों से जारी है। कर्मचारियों की चार-सूत्री मांगों को लेकर यह प्रदर्शन हो रहा है, जिसके कारण ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ रहा है।

हड़ताल के चलते, खड़मा स्थित जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा के सभी कर्मचारी धरने पर हैं। परिणाम स्वरूप, बैंक में ताला जड़ा हुआ है। बैंक बंद होने से किसानों को अपने बैंकिंग कार्यों के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। क्षेत्र के किसान बैंक प्रांगण से मायूस होकर वापस लौटने को मजबूर हैं।

**धान खरीदी केंद्र भी प्रभावित :** इसके अतिरिक्त, आदिम जाति सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी भी चार-सूत्री मांगों को लेकर धरने में शामिल हैं। कर्मचारियों के काम पर न होने के कारण धान खरीदी से




संबंधित कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। इससे आगामी धान खरीदी सत्र से पहले ही किसानों को अपनी समस्याओं के लिए भटकना पड़ रहा है। कर्मचारियों की हड़ताल ने बैंकिंग सेवाओं और सहकारी समितियों के कामकाज को पूरी तरह ठप कर दिया है, जिससे क्षेत्र के किसानों और आम जनता की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

## खबर संक्षेप

### परिक्षेत्र साहू समाज अभनपुर में एकता पैनल के सभी प्रत्याशी विजयी हुए



**नवापारा-राजिम।** ग्राम पंचायत मानिकचौरी के सरपंच हेमलता साहू, महिला उपाध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक 97 मतों से जीत हासिल किया। वह लगातार दूसरी बार इस पद पर निर्वाचित हुए है। यह जानकारी देते हुए किसान नेता समाज के वरिष्ठ चंद्रिका साहू ने बताया कि अध्यक्ष पद हेतु पवन गुरुपंच, उपाध्यक्ष पद पर नेतराम साहू, संगठन सचिव पुरूष में मानसिंग साहू एवं संगठन सचिव महिला हेतु लेकप्रभा निर्वाचित हुए। उन्होने सभी को बधाई देते हुए हेमलता को गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर रमेश साहू, बुद्धेश्वर साहू, चुम्मन देवकी साहू, नीतिश साहू , रामखिलावन साहू अध्यक्ष साहू समाज मानिकचौरी उपस्थित होकर क्षेत्रीय विधायक इन्द्रकुमार साहू एवं पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू के प्रति आभार प्रगट किया ।

### मड़ेली में दो दिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता 29 व 30 को

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम मड़ेली में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दो दिवसीय राज्यस्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 29 नवंबर से 30 नवंबर तक किया गया हैं। इस प्रतियोगिता में दूर दूर के खिलाड़ी आकर खेल प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में आकर्षक पुरस्कार 25000 रुपए स्व. बोधीराम साहू के स्मृति में उनके सुपुत्र अरुण कुमार साहू शिक्षक के द्वारा प्रदान किया जाएगा। द्वितीय पुरस्कार 15000 रुपए सुमन हेचरी प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किया जाएगा। तृतीय पुरस्कार 10000 रुपए नीरज कुमार ध्रुव एवं मोतीलाल साहू के द्वारा तथा मोतीलाल ठाकुर के द्वारा ट्राफी प्रदान किया जाएगा। चतुर्थ पुरुस्कार 6000 रुपए संजय नेताम जिला पंचायत सदस्य गरियाबंद के द्वारा एवं स्व पूनिया बाई की स्मृति में ट्राफी भारत ध्रुव के द्वारा प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा आकर्षक पुरस्कार बेस्ट रेडर कन्हैया लाल बेलदार के 501 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह, बेस्ट केचर जोहत राम सिन्हा ग्रामीण अध्यक्ष के द्वारा 501 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह, बेस्ट ब्लॉकर सुरेश कुमार ठाकुर के द्वारा 501 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह, ऑलराउंडर ईश्वरलाल ठाकुर के द्वारा 501 रुपए एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जाएगा। कबड्डी प्रतियोगिता को जय छत्तीसगढ़ यूट्यूब चैनल में लाइव देख सकते हैं। निर्णायक जिला एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के एम्पायर होंगे।

## सीईओ चंद्राकर ने वनांचल के औचक दौरे पर, योजनाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिला पंचायत गरियाबंद के युवा मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रखर चंद्राकर बुधवार को अचानक आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर वनांचल क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे। इस दौरान उन्होने पुल पुलिया, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आवास योजनाओ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा ग्रामों में पैदल घुम -घुमकर शासकीय योजनाओं की जमीनी हकीकत को जाना साथ ही कई मामले में व्यवस्थाओं को ठीक करने का निर्देश दिया। जिला पंचायत सीईओ आज मैनपुर विकासखण्ड के धुरवागुड़ी, उसरीजोर, डुमाघाट, अमलीपदर, इंदागांव एवं देवभोग विकासखण्ड के मुड़गांव, चिचिया का दौरा किया। मैनपुर से 40 किमी दूर ग्राम पंचायत इंदागांव में विशेष पिछड़ी जनजाति कमार भुंजिया एवं अन्य ग्रामीणों को जनमन योजना व पीएम आवास योजना अंतर्गत निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया साथ ही पीएम आवास निर्माण कार्य को पूरी मजबूती के साथ तथा गुणवत्तापूर्ण समय सीमा पर पूर्ण करने का निर्देश दिया तथा आवास निर्माण में आने वाली परेशानियो के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हे प्रोत्साहिक किया। ग्राम धुरवागुड़ी में बिहान समूह की महिलाओ द्वारा किये जा रहे कार्य का अवलोकन किया यहां बिहान समूह की दीदी श्रुति ध्रुवा द्वारा सेंट्रिग प्लेट विक्रय का कार्य किया जाता है। वहीं उसरीजोर में लखपति दीदी लक्ष्मीता द्वारा चना मुर्रा व लड्डू बनाने का मिनी कारखाना स्थापित किया गया है जिससे उन्हे बेहतर रोजगार मिल रहा है इसे नजदीक से देखा और उन्हे शबासी दी साथ ही ग्राम पंचायत डुमाघाट पहुंचे जहां युवा सरपंच यशवंत मरकाम के द्वारा विशेष पहल कर गांव के 2 सौ वृक्षों में लाख उत्पादन किया जा रहा है जिससे लाखों रूपये का आय अर्पित ग्रामीण कर रहे है।



### अमलीपदर में जनपद सदस्य एवं सरपंच ने पुल निर्माण की मांग की

मैनपुर विकासखण्ड के अमलीपदर पहुंचे जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर को जनपद पंचायत के सभापति निर्भय ठाकुर एवं पूर्व सरपंच सेवन पुजारी, ग्राम पंचायत अमलीपदर के सरपंच हेमोबाई नागेश एवं ग्रामीणों ने अधुरे पुल निर्माण कार्यो के संबंध में बताया साथ ही बारिश के दिनो में स्कूली बच्चे जान जोखिम में डालकर स्कूल आने मजबूर होते है पुल निर्माण कार्य अधुरा छोड़ देने से लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने ग्रामीणों के साथ अधुरे पुल निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और जल्द ही पुल निर्माण कार्य को प्रारंभ करवाने की बात कही है। वहीं रीपा योजना का निरीक्षण कर यहां समूह की महिलाओ को रोजगार देने के लिए कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया है।

## नगर पंचायत में नया वैक्यूम एमप्टीयर मशीन का शुभारंभ

**छुरा।** नगर पंचायत छुरा में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नए वैक्यूम एम्पियर मशीन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने कहा कि यह मशीन नगर की संडास घरों को साफ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इसके उपयोग से न केवल सफाई कर्मचारियों का कार्य आसान होगा बल्कि नगरवासियों को भी स्वच्छ वातावरण प्राप्त होगा। यह आधुनिक वैक्यूम एमप्टीयर मशीन है, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत होगी। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य रूप में नगर पंचायत उपाध्यक्ष समीम खान, सभापति चित्ररेखा ध्रुव, बलराज पटेल, गरिमा ध्रुव, रजनी लहरे, पार्षद हरीश यादव, सलीम मेमन, देवसिंग नेताम, रामजी दीवान, दीप्ति यादव तथा अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



## सड़क सुरक्षा मितानों को राहवीर योजना की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/छुरा

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों की मदद के लिए आम लोगों को प्रोत्साहित करने शासन की राहवीर योजना के तहत गरियाबंद पुलिस ने जिले के सड़क सुरक्षा मितानों को प्रशिक्षण व जानकारी दी।

पुलिस लाइन गरियाबंद में आयोजित इस कार्यक्रम में एसडीओपी गरियाबंद निशा सिन्हा की मौजूदगी में जिला अस्पताल के डॉक्टर वी.बी. अग्रवाल और डॉ. मनमोहन ठाकुर ने सड़क हादसों में घायलों को प्राथमिक उपचार देने के तरीके बताए। अधिकारियों ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की गोल्डन ऑवर पहले 1 घंटे में मदद करने वाले राहवीरों को शासन की ओर से 25,000 तक की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इस योजना का उद्देश्य जरूरतमंदों को त्वरित मदद पहुंचाना और लोगों में संवेदनशीलता बढ़ाना है।

- गरियाबंद पुलिस ने वितरित किया सुरक्षा किट

इस मौके पर सड़क सुरक्षा मितानों को सड़क सुरक्षा बैच और सुरक्षा किट प्रदान किया गया। पुलिस अधिकारियों न उन्हें हादसे की सूचना मिलते ही घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने तथा तत्काल पुलिस व स्वास्थ्य विभाग को सूचित करने की अपील की।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग ने आम जनता से भी राहवीर योजना की जानकारी फैलाने, सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आने की अपील की।

## मिशन वात्सल्य योजना के तहत सामूहिक प्रयासों से जागरूकता में वृद्धि

# जिले की 189 पंचायत और 2 नगरीय निकाय हुए बाल विवाह मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में गरियाबंद प्रशासन लगातार प्रयासरत है। कलेक्टर एवं जिलादंडाधिकारी बीएस उइके के निर्देशन एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक पाण्डेय व श्री अनिल द्विवेदी जिला बाल संरक्षण अधिकारी के मार्गदर्शन में मिशन वात्सल्य योजना के अंतर्गत संचालित अभियान से अब तक जिले की 189 ग्राम पंचायतों और 2 नगर निकाय (गरियाबंद व फिंगेश्वर) को बाल विवाह मुक्त घोषित किया जा चुका है। जिला को बाल विवाह मुक्त जिला घोषित करने के लिए 31 मार्च 2029 तक का तिथि निर्धारित किया गया है।

- जिले में बाल विवाह मुक्त अभियान को मिली रफ्तार

कलेक्टर श्री उइके ने सभी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया है कि बाल विवाह रोकथाम के लिए ग्राम सभाओं में प्रस्ताव पारित कर ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी बालक या बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण किए बिना न हो। बाल विवाह से



बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और समग्र विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसलिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी आवश्यक है।

### आम नागरिक भी बाल विवाह की सूचना दे सकते

निर्धारित उम्र से कम आयु में विवाह किये जाने, कराये जाने व सहायोग करने पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 1 लाख रूपये का जुर्माना एवं 2 वर्ष का कठोर कारावास अथवा दोनों का प्रावधान है। बाल विवाह मुक्त अभियान के अंतर्गत विशेष वेब पोर्टल डब्ल्युडब्ल्युडल्ब्युडॉट बालविवाहमुक्तसीजी डॉट कॉम तैयार किया गया है, जिसके माध्यम से आम नागरिक भी बाल विवाह की सूचना दे सकते हैं या शिकायत दर्ज करा सकते हैं। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि अभियान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, पंचायत प्रतिनिधि, शिक्षक, समाजसेवी संस्थाएं और विभिन्न विभागों की संयुक्त भागीदारी से जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने की दिशा में तेज़ी से कार्य किया जा रहा है।

# 3 करोड़ के कर्मचारी आवास एवं बाउंड्रीवाल निर्माण में लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

जल संसाधन उप-संभाग राजिम के वार्ड क्रमांक 15 में लगभग 3 करोड़ की लागत से बन रहे कर्मचारी आवास स्टाफ क्वार्टर एवं बाउंड्रीवाल के निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताएँ सामने आई हैं। निर्माण गुणवत्ता को लेकर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद राजिम विधायक रोहित साहू ने स्थल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की जा रही है। निम्न गुणवत्ता का सीमेंट-मिश्रण और अधूरा कार्य देखकर विधायक ने गहरा असंतोष जताया तथा अधिकारियों और ठेकेदार को मौके पर ही फटकार लगाई। विधायक श्री साहू ने स्पष्ट निर्देश दिया कि जनता के टैक्स के पैसों से होने वाले किसी भी विकास कार्य में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो भी जिम्मेदार अधिकारी या ठेकेदार गुणवत्ता में कमी करेगा उसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं और विकास कार्यों का उद्देश्य जनता को बेहतर सुविधाएँ देना है, न कि ठेकेदारों को लाभ पहुँचाना। उन्होंने निर्माण स्थल का पूरा निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य पूर्ण करने और जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

- विधायक रोहित साहू ने किया औचक निरीक्षण,लगाई फटकार



खबर संक्षेप

## जेम पोर्टल से खरीदी के लिए नगरीय प्रशासन ने बनाई समिति

**रायपुर।** राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के आदेश के पालन में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों से कहा गया है कि वे सभी खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से करें। खास बात ये है कि खरीदी के हर सौदे पर निगरानी रखने के लिए विभाग ने दो अधिकारियों समेत चार लोगों की समिति का गठन भी कर दिया है। यह समित निकायों के सभी खरीदी संबंधी सौदे की निगरानी रखेगी। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने राज्य के सभी नगर निगमों के आयुक्त, सभी पालिकाओं और नगर पंचायतों के सीएमओ को आदेश जारी कर दिया है। यह निर्देश राज्य सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के निर्देश के आधार पर दिए गए हैं। निकाय नहीं कर रहे हैं निर्देश का पालन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ शासन भण्डार क्रय निमय 2002 (यथा संशोधित 2022) में संशोधन के नियमावली में उल्लेखित बिन्दुओं अनुसार जेम पोर्टल से सामग्री क्रय किये जाने हेतु दिशा-निर्देश जारी किये गये थे।

## वक्फ की प्रापर्टी पांच दिसंबर तक नए उम्मीद पोर्टल में कराएं अपडेट

**रायपुर।** वक्फ की प्रॉपर्टी को लेकर सभी जानकारी नए उम्मीद पोर्टल में अपलोड कराना अनिवार्य है, इसके लिए 5 दिसंबर तक का समय तय किया गया है। ऐसा न करने पर वक्फ संपत्तियों पर अवैध कब्जा या विवाद का खतरा बढ़ सकता है और इसके लिए वक्फ अधिनियम के तहत मुतवल्लियों पर सजा और 20 हजार रुपए जुर्माने का भी प्रावधान है। जानकारी को अपडेट करने से संपत्तियां सुरक्षित रहेंगी, जबकि समय पर पंजीकरण न कराने पर उनका दर्जा समाप्त हो सकता है। यह निर्देश केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित नए वक्फ प्रबंधन नियमों के तहत दिए गए हैं, जिनका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण, बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। बताया गया है कि वक़्फ़ बोर्ड में अपनी मस्जिद, दरगाह, मदरसा, कब्रिस्तान या जो भी प्रॉपर्टी वक्फ की है, वक्फ बाय यूजर वाली प्रॉपर्टी है, जिसे पहले रजिस्टर नहीं कराया था। पहले वक्फ बोर्ड में रजिस्टर कराया था, जो वामसी पोर्टल में था।

### निधन

## सुशीला ठाकुर



**मैनपुर।** मैनपुर कला फूलझर निवासी सुशीला ठाकुर उम्र लगभग 75 वर्ष का बुधवार शाम 7:00 बजे निधन हो गया। जिनका 13 नवम्बर गुरुवार को 11 बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे ठाकुर कोमल सिंह कि धर्मपत्नी और हुलार ठाकुर एवं संकुल समन्वयक मुकेश ठाकुर की माता थी।

# विधायक ने सुनी समस्याएं, ग्राम खरोरा बेलसोंडा एवं साराडीह में लगाई जनचौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा बुधवार को ग्राम खरोरा, बेलसोंडा एवं साराडीह पहुंचे और लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही उनकी समस्याओं के उचित निराकरण का आश्वासन दिया। विधायक सिंहा बुधवार को ग्राम खरोरा पहुंचे इसके बाद ग्राम बेलसोंडा एवं साराडीह भी पहुंचे और आमजन से भेंट मुलाकात की। ग्रामीणजनों ने कृषि से संबंधित सहित अलग-अलग समस्याओं को विधायक के समक्ष रखा।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति मेरा पूरा समर्पण हमेशा रहेगा। जिस विश्वास के साथ जनता ने मुझे चुना है, उस विश्वास को कायम रखने के लिए मैं पूरा प्रयासरत हूं।

इस दौरान भाजपा नेता राकेश चंद्राकर, संदीप घोष, मुन्ना साहू, प्रशांत श्रीवास्तव, खरोरा ग्राम सरपंच वीणा कमलेश चंद्राकर, बेलसोंडा सरपंच प्रीति त्रिभुवन धीवर, साराडीह सरपंच भारती यादव सहित अन्य नेतागण भामिनी चंद्राकर, लक्ष्मीकांत तिवारी, साजन यादव, प्रेम साहू, पुरुषोत्तम चंद्राकर, हिमांशु परमार, धनेश्वर साहू, कुंती धीवर, वीणा धीवर, नेहा धीवर, नर्मदा धीवर, मधु यादव, भीखम धीवर, शिव यादव, मीनू चंद्राकर, अंशु धीवर, मिला देवांगन, तारा साहू, रामेश्वर साहू, सेवक साहू, डेविड चेलक, भगवान चंद्राकर, जागेश्वर साहू, पुरुषोत्तम सिंह चौहान, मणि चंद्राकर, नारद साहू, मानसिंग साहू, राधेलाल यादव, भोला कुर्रे, लता तिवारी, सुंदर साहू, देवकुमार मार्कंडेय, झाड़ूराम साहू, गीता निर्मलकर, अनीता निर्मलकर, दीना यादव, लालापुरी गोस्वामी, रितु साहू, रेखा साहू, लेखराम रात्रे, शिवचरण निर्मलकर, यशोदा निर्मलकर सहित ग्रामीणजन उपस्थित थें।

# आबकारी टीम ने की बड़ी मात्रा में जब्त की महुआ शराब व लाहन



**सरायपाली।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह एवं जिला आबकारी अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशानुसार प्रभारी आबकारी उप निरीक्षक वृत सरायपाली मिर्जा जफर बेग एवं हृदय कुमार त्रिपुड़े संयुक्त टीम वृत सरायपाली वृत सांकरा द्वारा सरायपाली के ग्राम बैतारी में गुरुदेव तांडी के कब्जे से 06.200 बल्क लीटर महुआ शराब एवं ग्राम रिमजी में गणेश राम चौहान के कब्जे से 07.00 बल्क लीटर महुआ शराब एवं महुआ लाहन 90 किलोग्राम बरामद किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध धारा 34 (1) (क) (च), 34(2), आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया और प्रकरण को विवेचना में लिया गया है। इसी प्रकार की कार्रवाई करते हुए विगत दिनों विभागीय टीम द्वारा ग्राम पलसापाली थाना बलौदा में भी विजय खूंटे के रिहायशी मकान से 45 बल्क लीटर हाथ भट्ठी कच्ची शराब, 300 किलोग्राम लाहन एवं एक होंडा शाइन मोटर सायकल बिना नंबर की डिक्की से 10 बल्क लीटर कुल मात्रा 55 बल्क लीटर बरामद करने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। फरार आरोपी के विरुद्ध धारा 34 (1) (क) (च), 34(2), आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्रवाई आबकारी वृत सरायपाली प्रभारी बेग, आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त साकरा प्रभारी त्रिपुड़े एवं आबकारी आरक्षक देवेश मांझी द्वारा की गई।

# रामकी कंपनी में आधा दर्जन वार्ड को देखने मात्र एक सुपरवाइजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**महापौर ने कहा- ऐसे में आधे वार्डों में भी 100 फीसदी डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन संभव नहीं**

- आउटर के तीन जोन दफ्तर में महापौर ने ली बैठक

महापौर मीनल चौबे ने मंगलवार को नगर निगम के तीन जोन में पहुंचकर पार्षदों, जोन अधिकारियों और रामकी कंपनी के प्रतिनिधि की उपस्थिति में सफाई कार्य की समीक्षा की। इस दौरान उन्हें पता चला, कबीरनगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में पिछले 7 दिनों से लोगों के घरों से कचरा नहीं उठ रहा है। इस अव्यवस्था को लेकर महापौर मीनल चौबे ने रामकी के सिटी प्रतिनिधि को जमकर फटकार लगाते हुए कहा, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन रामकी की जिम्मेदारी है। जिम्मेदारी सही ढंग से नहीं निभाने पर 4 गुना जुर्माना की कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

शहर की सफाई व्यवस्था की समीक्षा करने महापौर मीनल चौबे इन दिनों जोन दफ्तरों में जाकर अलग-अलग वार्डों में सफाई कार्य को लेकर आ रही परेशानी से अवगत हो रही हैं। मंगलवार को महोबा बाजार स्थित जोन 8, मोवा स्थित जोन 9 और अमलीडीह के जोन 10 कार्यालय में पहुंचकर सफाई कार्यो की समीक्षा की। महापौर ने कहा कि रामकी कंपनी में नगर निगम के 6 वार्डों को देखने वाला मात्र एक सुपरवाइजर है, ऐसे में आधे वार्डों में भी शत-प्रतिशत डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य संभव नहीं है। उन्होंने वार्ड पार्षदों से सफाई कार्य का वार्डो में प्रतिदिन निरीक्षण करने हिदायत दी।

### अधिकारियों को दी हिदायत

मीनल चौबे ने जोन कार्यालय में सफाई कार्य की समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि वे अब हर महीने वार्ड पार्षदों के साथ सफाई व्यवस्था सुधारने वार्डो का निरीक्षण करने फील्ड पर उतरेंगी। उन्होंने वार्डो के सभी घरों से प्रतिदिन शत-प्रतिशत डोर टू डोर कचरा कलेक्शन सुनिश्चित किए जाने निर्देश भी दिए। बैठक के दौरान मुख्य मार्ग के नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के साथ सुधारने की हिदायत अधिकारियों को दी।



### ये रहे उपस्थित

अलग-अलग जोन में हुई बैठक में स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष गायत्री चंद्राकर, जोन अध्यक्ष प्रीतम ठाकुर, जोन 9 अध्यक्ष गोपेश साहू, जोन 10 अध्यक्ष सचिन मेघानी, एमआईसी सदस्य खेम कुमार सेन,डॉ. अनामिका सिंह, पार्षद भगतराम हरबंश, महेंद्र औसर,अर्जुन यादव, अमन ठाकुर, देवदत्त द्विवेदी, मोहन साहू, मनोज जांगड़े, विनय प्रताप ध्रुव, विनय पंकज निर्मलकर, प्रभा विश्वकर्मा,सावित्री धीवर, रेणु जयंत साहू, सुषमा तिलक साहू, जोन 8 जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल, जोन 9 कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर, जोन 10 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, शरद ध्रुव, आशीष शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, बारोन बंजारे, उमेश नामदेव उपस्थित रहे।

## सोनडोंगरी में इकलौता डॉग शेल्टर, न डॉक्टर की व्यवस्था न ही पर्याप्त संसाधन

# शहर में 20 हजार आवारा कुत्ते, रखने की जगह मात्र 100 के लिए, कैसे होगा एनीमल बर्थ कंट्रोल?

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- बैरनबाजार के पशु चिकित्साल्य में सर्जरी के लिए 2 डॉक्टर, 1 गाड़ी, 4 सहायक भरोसे चल रहा अभियान

शहर में 20 हजार आवारा कुत्तों को पकड़ने और उनकी सर्जरी करना निगम के लिए सबसे बड़ा सिरदर्द साबित हो रहा है। शहर में मात्र 100 कुत्तों को रखने के लिए जगह बन पाई है। बाकी कुत्तों को पकड़ भी लिया तो रखेंगे कहां? डॉग सर्जरी के लिए निगम के पास न तो पर्याप्त अमला है, न ही सुविधा युक्त सेटअप तैयार हो पाया। कुल मिलाकर 2 वेटनरी डॉक्टर, 1 डॉग केचर गाड़ी और 4 सहायक के भरोसे एनीमल बर्थ कंट्रोल करने का दावा जरूर उछल रहा है। हालत ये है कि बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय के तीन कमरों में 2 वेटनरी डॉक्टर अपने सहायकों के साथ एक दिन में मुश्किल से 10 से 15 स्ट्रीट डॉग की सर्जरी कर पा रहे हैं, जबकि अमले के भरोसे शहरभर के कुत्तों को पकड़ने का जिम्मा है। हालांकि सोनडोंगरी में नगर निगम द्वारा डॉग शेल्टर होम बनाया गया है, जो कि 3 साल बाद भी शुरू नहीं हो पाया, न वहां डॉक्टर की नियुक्ति हो पाई, न ही पर्याप्त संसाधन हैं।

दरअसल, कुत्तों के काटने की घटनाओं में बढ़ोतरी पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है और आदेश दिया है कि 8 सप्ताह में सार्वजनिक स्थान रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्र वाली जगहों से कुत्तों को डॉग शेल्टर होम बंद करें। कोर्ट के आदेश की प्रति आने से पहले ही रायपुर नगर निगम में हड़कंप मच गया है। इसकी खास वजह ये है, रायपुर शहर में 20 हजार आवारा कुत्तों की संख्या है, पर उनके रखने और सर्जरी के लिए निगम के पास न पर्याप्त सेटअप है, न ही आवश्यक संसाधन। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों से आवारा कुत्तों की धरपकड़ कर उसकी नियमित सर्जरी और डॉग शेल्टर होम में रखने का फरमान कैसे पूरा होगा, यह एक सवाल बनकर रह गया है।

### शहर के सोनडोंगरी में डॉग शेल्टर होम 77 कुत्तों के लिए स्पेस

रायपुर नगर निगम के 10 जोन स्थित 70 वार्ड में स्ट्रीट डॉग रखने निगम के पास सोनडोंगरी में इकलौता डॉग शेल्टर होम ही बन पाया है। जहां न तो पर्याप्त संख्या में वेटनरी डॉक्टर की नियुक्ति हो सकी है, न ही आवश्यक संसाधन। 3 साल बाद भी यह सेंटर शुरू नहीं हो सका। इस डॉग शेल्टर होम में 77 कैनाल बनाए गए हैं, जहां एक समय में 77 कुत्तों को रखा जा सकता है, जबकि शहरभर में स्ट्रीट डॉग की संख्या 20 हजार है। विभागीय अधिकारियों का कहना है, शहर के विस्तार को देखते हुए रायपुर के चारों कोने में चार डॉग शेल्टर होम बनाने की जरूरत है, तभी इस अभियान को प्रभावी रूप देने में आसानी होगी।



### अभियान चला रहे

स्ट्रीट डॉग की धरपकड़ कर उनकी सर्जरी कर आक्रामता रोकने नगर निगम अभियान चला रहा है। बैरनबाजार के पशु चिकित्सालय में प्रतिदिन 10 से 15 स्ट्रीट डॉग की सर्जरी दक्ष चिकित्सक द्वारा की जा रही है। सोनडोंगरी के डॉग शेल्टर होम के लिए चिकित्सक नियुक्ति प्रक्रिया में है।

*- **डॉ. तृप्ति पाणिग्रही,** स्वास्थ्य अधिकारी, नगर निगम रायपुर*

### सांझ ढलते ही झुंड बनाकर झपटते हैं खूंखार

राजधानी के टिकरापारा, सिद्धार्थ चौक, भाठागांव चौक, पुरानी बस्ती, डगनिया बाजार, आमापारा, गोलबाजार, शास्त्री बाजार, सुंदरनगर, डीडीनगर, शिक्षक नगर, अनुपम गार्डन के पास, कुशालपुर चौक, महामाया पारा, ब्राम्हणपारा, अवधिया पारा, भोई पारा चौक, आजादा चौक, समता कालोनी, फाफाडीह, देवेंद्र नगर पुराना बस स्टैंड पंडरी, मोवा बस्ती, खम्हारडीह, शंकरनगर सहित शहर के अन्य रहवासी इलाकों में सांझ ढलते ही आवारा कुत्तों के झुंड से आम जनता का निकलना मुश्किल हो रहा है। हालत ये है कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग अकेले घर से निकलने से हिचक रहे हैं। यहां तक कि मार्निंग व इवनिंग वॉक करने वालों को खूंखारों के झपट्टे का भय सताने लगा है। अंधेरा होने और अंजान क्षेत्रों में आने-जाने पर डॉग बाइट का खतरा बना हुआ है।

### निगम का कुत्ता पकड़ो विशेष अभियान हवा-हवाई जोन कमिश्नर, जेडएचओ को दी थी जिम्मेदारी

नगर निगम आयुक्त विश्वदीप ने दस जोन के 10 कमिश्नर को उनके जोन क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग की शिकायत पर एक्शन लेने और धरपकड़ के विशेष अभियान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया। जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को इसके लिए नोडल अधिकारी बनाया गया। निगम के दस जोन में एक साथ यह अभियान चलाया जाना था। इस अभियान के लिए निगम की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए संबंधित जोन अधिकारियों के मोबाइल नंबर जारी हुए, पर कॉल आने के बाद भी न तो कॉलर के काल रिसीव हुए, न ही उनके शिकायत पर अमल हुआ। निगम आयुक्त के आदेश पर चलाया जाने वाला अभियान कुल मिलाकर हवा-हवाई बनकर रह गया।

### बैरनबाजार के पशुचिकित्सालय में 10 से 15 स्ट्रीट डॉग की प्रतिदिन सर्जरी

नगर निगम के पास बैरनबाजार स्थित पशु चिकित्सालय में स्ट्रीट डॉग की सर्जरी के लिए वर्तमान में केवल एक ही सेंटर है। वहां दो सरकारी वेटनरी डॉक्टर प्रतिदिन शहरभर से शिकायत के आधार पर पकड़ कर लाए गए 10 से 15 डॉग की सर्जरी कर रहे हैं। निगम के पास शहरभर के लिए केवल एक डॉग केचर गाड़ी है, जिसमें 4 चार सहायक, एक वाहन चालक की टीम कुत्तों की धरपकड़ कर सेंटर में लाने का काम करती है। सर्जरी के बाद तीन दिन इन कुत्तों की मानिटरिंग के बाद वापस उसे उसी जगह पर छोड़ा जाता है।

# खारुन में प्राकृतिक बहाव से पानी आना बंद



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


- अब गंगरेल डेम से रोज 200 क्यूसेक पानी की आपूर्ति

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाला पानी बंद हो गया है। पिछले 2 दिन से नगर निगम का जल विभाग शहरवासियों की प्यास बुझाने गंगरेल डेम से पानी खरीद रहा है। नगर निगम के 70 वार्डों में रहने वाले लोगों की पेयजल मांग के हिसाब से प्रतिदिन इस समय 200 क्यूसेक रॉ वाटर की खपत हो रही है। इसमें रायपुर विकास प्राधिकरण की कौशिल्या विहार सहित छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के सरोना, लभांडी सहित अन्य कालोनियों को भी निगम पेयजल की आपूर्ति कर रहा है। सिंचाई विभाग से पूर्व में हुए अनुबंध के अनुसार गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी रॉ वाटर साल भर की खपत के हिसाब से रायपुर शहर के लिए सुरक्षित रखा गया है।

## छत्तीसगढ़ शांति का टापू, यहां नफरत की राजनीति नहीं चलेगी

**रायपुर।** पिछड़ा वर्ग संगठन के अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने कहा है कि छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, यहां नफरत की राजनीति नहीं चलेगी। छत्तीसगढ़ के लोग अन्य राज्य में भी कमाने-खाने के लिए गए हैं, वहां पर भी समृद्ध हो गए हैं जैसे ओडिशा के नुआपाड़ा, खरियार रोड, महाराष्ट्र के तुमसर रोड, भंडारा, दिल्ली के आरके पुरम, असम के दार्जिलिंग, केंद्र शासित राज्य जम्मू-कश्मीर जैसे कई अन्य राज्यों में निवासरत हैं, जहां उनकी रोजी-रोटी चल रही है, कई लोग उद्योगपति भी बन गए हैं। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ शांति का टापू है, लेकिन अपने स्वार्थ सिद्धि, अपनी राजनीति चमकाने के लिए राजनीतिक रोटी सेंकने वाले हम लोगों को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। वे यह बताएं कि क्या छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़ के बाहर के व्यक्ति अगर छत्तीसगढ़ में पूंजी निवेश नहीं करते, अपने उद्योग धंधे नहीं लगाते तो क्या छत्तीसगढ़ के बेरोजगार लोगों को रोजगार मिल सकता था? क्या कुछ ही लोग दाऊगिरी करते रहते और हम लोगों को गुलाम बनाकर रखे रहते? छत्तीसगढ़ की शांत फिजां को बिगाड़ने की कोशिश न करें।

# मिनीमाता कन्या आश्रम के लिए 15 लाख मंजूर



**अभनपुर।** सतनामी समाज की मांग पर विधायक इंद्र कुमार साहू ने अनुसूचित जाति मिनीमाता कन्या आश्रम, बड़े उरला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु 15 लाख रुपए की राशि विधायक निधि से स्वीकृत की है। इस अवसर पर अभनपुर सतनामी समाज प्रतिनिधि मंडल ने विधायक श्री साहू के कार्यालय पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया। प्रतिनिधि मंडल ने विधायक साहू से आग्रह किया कि आगामी 13 दिसंबर को अभनपुर में आयोजित वार्षिक सतनामी समाज शोभायात्रा में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाए। बैठक में प्रमुख रूप से संस्था प्रमुख पन्नालाल नवरंगे, अभनपुर परिक्षेत्र सतनामी समाज अध्यक्ष्ज्ञ राधाकृष्ण टंडन, नगर पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे,पार्षद नीलकमल गिलहरे, टिकेंद्र बघेल, मुकेश ढीढी, जयवर्धन बघेल, मुन्ना बन्दे, खेमराज कोसले, दीपक कोसरिया, बसंत कोसले, दुलीचंद, कमलेश बघेल, बीरबरदास टंडन, हृदय राम गिलहरे, नंदुल बंजारे, रतन लाल गिलहरे, आकाश नौरंगे सहित अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य, शिक्षा व नशामुक्ति विषय विद्यालय में की चर्चा



**अभनपुर।** श्रीराम शर्मा (मिंटू) हायर सेकेंडरी स्कूल डुमरतराई में स्वास्थ्य, शिक्षा और नशा मुक्ति विषय पर एक प्रेरणादायी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभनपुर के प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं लेखक डा. चंद्रकांत रामचंद्र वाघ रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों से स्वास्थ्य शिक्षा, नशे से दूरी और मानसिक संतुलन पर सारगर्भित चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने डॉ. वाघ से परीक्षा के समय मानसिक तनाव और एकाग्रता बढ़ाने के उपायों से संबंधित सवाल पूछे, जिनका उन्होंने सरल और वैज्ञानिक तरीके से समाधान बताया।

विद्यार्थियों ने पढ़ाई को प्रभावी ढंग से करने के लिए उनसे मार्गदर्शन प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य श्री त्रिवेदी ने डॉ. वाघ का स्वागत पौधा भेंट कर किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता लक्ष्मीकांत साहू ने किया, जबकि श्रीमति मलिका मुखर्जी ने अतिथि का आभार व्यक्त किया।

# ब्रिज के नीचे दुकान, गुमटी नहीं प्ले जोन का चल रहा कंसेप्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- नगरनिगम पंडरी, तेलीबांधा के बाद अब तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे तैयार कर रहा प्ले जोन

शहर में अब ओवरब्रिज के नीचे खेलों का आनंद ले सकते हैं। नगर निगम ने पंडरी, तेलीबांधा, देवेंद्र नगर ब्रिज के बाद अब तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे स्पोटर्स कल्चर को बढ़ावा देने प्ले जोन तैयार कर रहा है। यहां पर खिलाड़ियों के साथ ही आम जनता भी फुरसत के समय ब्रिज के नीचे बन रहे स्पोटर्स बाक्स का उपयोग निःशुल्क कर सकेगी। ब्रिज के नीचे अवैध कब्जे रोकने निगम प्रशासन ने यह अनूठी पहल की है।

मेट्रो सिटी की तर्ज पर राजधानी के ओवरब्रिज के नीचे अवैध कब्जा हटाने और असमाजिक तत्वों का जमावड़ा रोकने महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर प्ले जोन कंसेप्ट पर काम किया जा रहा है। यानी ओवरब्रिज के ऊपर शहर दौड़ेगा, नीचे लोग मनोरंजक गेम्स खेल सकते हैं। यहां लोगों के उठने-बैठने की जगह, योगा सेंटर, मल्टी यूटिलिटी प्लान पर भी काम होगा। नगर निगम जोन 7 क्षेत्र स्थित तेलघानी नाका ब्रिज के नीचे वाली जगह को साफ-सुथरा सुंदर रंगरोगन कर खेल हब का रूप दिया जा रहा है। मेट्रो सिटी की तर्ज पर ब्रिज के नीचे सुविधाओं का विकास होगा। इस कड़ी में पूर्व में पंडरी, देवेंद्र नगर और तेलीबांधा में ब्रिज के नीचे प्ले जोन विकसित किया जा चुका है। इसका उपयोग वहां के युवा और खिलाड़ी कर रहे हैं।



### फेसवाइज अलग अलग जोन में काम

राजधानी में अलग-अलग फ्लाई ओवर के नीचे स्पोर्ट्स हब से लेकर काम किया जा रहा है। फेजवाइज अलग-अलग जोन में काम शुरू किया गया है। तेलघानी नाका ओवर ब्रिज के नीचे प्ले हब के लिए काम शुरू किया गया है।

*- **विश्वदीप, आयुक्त,** नगर निगम रायपुर*

# बैंककर्मी हड़ताल पर, ई-केवाईसी एवं रकम निकालने भटक रहे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला सहकारी बैंकों में चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल से किसानों की आर्थिक स्थिति सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। बैंक परिसर के मुख्य द्वार पर लगे ताले ने न केवल दैनिक बैंकिंग कार्यों को रोक दिया है, बल्कि ई-केवाईसी और धनराशि निकासी जैसे अति आवश्यक कार्य के लिए भी किसान भटक रहे हैं।

सहकारी बैंक, ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के लिए वित्तीय समावेश का मुख्य आधार होते हैं। धान खरीदी, फसल ऋण, खाद-बीज की सब्सिडी और विभिन्न सरकारी योजनाओं का पैसा इन्हीं बैंकों के माध्यम से किसानों के खातों में आता है। किसान अपने खातों में जमा धान या अन्य उपज की राशि नहीं निकाल पा रहे हैं। पीएम किसान निधि जैसी योजनाओं के लाभ को जारी रखने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। बैंक बंद होने के कारण, हजारों किसान अपनी ई-केवाईसी पूरी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उन्हें अगली किश्त से वंचित होने का भय सता रहा है। नए कृषि ऋणों का वितरण और पुराने ऋणों के नवीनीकरण का काम भी रुका हुआ है, जिससे किसानों को आगामी फसल के लिए आवश्यक निवेश करने में देरी हो रही है। इस वर्ष 12.45 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का लक्ष्य है, जो गत वर्ष के 11 लाख मीट्रिक टन से अधिक है।

## ई-केवाईसी और निकासी ठप, सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो रहे अन्नदाता

### कर्मचारियों की मांगें और प्रशासन की चुप्पी

बैंक कर्मचारी संघ ने अपनी वेतन विसंगतियों, लंबित वार्षिक वेतन वृद्धि, और उच्च न्यायालय के आदेशों को लागू न किए जाने जैसी मांगों को लेकर यह कदम उठाया है। एक ओर जहां कर्मचारी अपनी मांगों पर डटे हुए हैं, वहीं दूसरी ओर बैंक प्रबंधन और प्रशासन की ओर से इस गतिरोध को खत्म करने के लिए ठोस पहल दिखाई नहीं दे रही है।



### कैसे चलेगा घर, किसानों का दर्द

बैंक के बाहर घंटों इंतजार कर रहे किसानों ने अपनी व्यथा व्यक्त की हैं कुशल राम पटेल, गोविंद निषाद, मनहरन निषाद एवं अन्य किसानों ने बताया हैं कि जो अपनी पैसा निकालने एवं ई केवाईसी कराने आए हैं, घर में राशन खत्म हो गया है और बच्चों की फीस भरनी है। सरकार कहती है कि किसान को सीधा लाभ देंगे, लेकिन जब बैंक ही बंद है तो यह लाभ हमारे लिए अभिशाप बन गया है। ई-केवाईसी न करवा पाने वाले किसान ने चिंता जताई कि अगर ई केवाईसी नहीं हुई तो पीएम किसान निधि की अगली किश्त अटक जाएगी।

## खबर संक्षेप

### प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर 2 निर्माण कार्यों के लिए 19 लाख स्वीकृत



**गरियाबंद।** गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल की अनुशंसा पर कलेक्टर श्री बीएस उइके ने 2 निर्माण कार्यों के लिए 19 लाख 6 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत देवभोग अंतर्गत ग्राम पंचायत कोड़कीपारा से सहसखोल सड़क मार्ग पर सीसी रोड निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसी तरह ग्राम पंचायत उसरीपानी के ग्राम खवासपारा के बरगद पेड़ से पईकपारा तक सीसी रोड निर्माण कार्य कराया जाएगा। प्रत्येक दोनों निर्माण कार्य के लिए पृथक-पृथक रूप से 9 लाख 53 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त निर्माण कार्यो के लिए क्रियान्वयन एजेंसी का दायित्व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत देवभोग को सौंपा गया है।

### जिला सहकारी बैंक कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त, बैंक 13 से चालू



**फिंगेश्वर।** जिला सहकारी बैंक के अधिकारी कर्मचारियों की एक सूत्रीय मांग को लेकर 12 नवंबर को हड़ताल मे शामिल हुए लेकिन इनके मांग का मामला सुप्रीम कोर्ट मे जाने के कारण अनिश्चित कालीन हडताल मे विराम लग गया है जिसके चलते जिला सहकारी बैंक आज 13 नवंबर से प्रारंभ हो जायेगी। 12 नवंबर को अपनी मांगो को लेकर बैंक के कर्मचारीशाखा प्रबंधक एस एन पाण्डेय, सहायक लेखापाल संजय गोस्वामी, गजेंद्र शंकर साहू सहायक लेखापाल छुरा, पर्यवेक्षक तोषण साहू, लिपिक महेश सिन्हा, लिपिक हेमलता सोनी, अमरीका साहू कंप्यूटर आपरेटर, लोकेश साहू गनमैन, रूबी साहू कंप्यूटर आपरेटर, दमेश्वर साहू कंप्यूटर आपरेटर उपस्थित थे।

### चौमासा रामायण का हुआ समापन



**नवापारा-भेण्डरी।** ग्राम भेण्डरी में चल रहे चौमासा रामायण का हवन पूजा के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर सरपंच राजेश्वरी पटेल, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, पूर्व सरपंच प्रीतराम देवांगन, जनपद सदस्य विनीता संतशरण, रोहित पटेल, अशोक साहू, दिलिप साहू, दर्शन साहू, भारत साहू, भैया साहू, घनश्याम साहू आदि मौजूद थे।

### पुस्तक कमी पर सहायक शिक्षक का निलंबन तानाशाही : टिकेश



**फिंगेश्वर।** कुरूद ब्लाक के नारी प्राथमिक शाला स्कूल के सहायक शिक्षक ढालू राम साहू के निलंबन रद्द करने की मांग करते हुए ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू व ब्लॉक कांग्रेस सचिव मनोज सोनवानी ने कहा कि कुरूद ब्लाक के नारी प्राथमिक शाला के सहायक शिक्षक ढालू राम साहू ने स्कूलों में पुस्तक नहीं होने की पीड़ा को व्यक्त किया है। वह सच्चाई यह है छमाही परीक्षा नजदीक हैं फिर बिना पुस्तक कैसे परीक्षा होगी? स्कूलों में पुस्तकों की कमी सरकार की नाकामी है। शिक्षक का क्या दोष? वह एक जिम्मेदार होने का फर्ज अदा किया है। ऐसे में सरकार पुस्तक की कमी दूर करने के बजाय शिक्षक को निलंबित कर अपने आलोकतांत्रिक चरित्र को प्रदर्शित किया है।यह तानाशाही है। सहायक शिक्षक ढालू राम साहू के निलंबन को तत्काल रद्द किया जाए। ब्लॉक कांग्रेस मीडिया प्रभारी टिकेश साहू ने कहा कि साय सरकार का चरित्र आलोकतांत्रिक हो गया है सरकार की कमियों को उजागर करने वालों को प्रताड़ित किया जा रहा है।

**आयोजन : जनजातीय गौरव दिवस पर 15 नवम्बर को गांधी मैदान में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम**

# जनजातीय गौरव दिवस हमारे गौरवशाली इतिहास और संस्कृति का प्रतीक : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारत सरकार जनजातीय कार्य मंत्रालय के निर्देशानुसार 15 नवम्बर को देशभर में जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस संबंध में गरियाबंद जिला मुख्यालय के गांधी मैदान में जिला स्तरीय जनजातीय गौरव दिवस का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें जनजातीय संस्कृति, कला, वादन, हस्तशिल्प एवं विकास कार्यों का प्रदर्शन होगा। कलेक्टर बीएस उइके ने इस संबंध में आज जिला कार्यालय के सभा कक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से जनजातीय समाज के महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं नायकों के योगदान को जन-जन तक पहुँचाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के सभी शासकीय संस्थानों, आश्रम-छात्रावासों, विद्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनजातीय गौरव दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जाए। इस अवसर पर जनजागरण रैली, प्रभात फेरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, वाद-विवाद, चित्रकला, निबंध लेखन प्रतियोगिता सहित विविध आयोजन किया जाए।



### किसान क्रेडिट कार्ड आदि का किया जाएगा वितरण

उन्होनें कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति वर्ग के स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारजनों, समाज प्रमुखों एवं जनजातीय समुदाय के गणमान्य नागरिकों को सम्मान करने को कहा। साथ ही जनजातीय बहुल ग्रामों में शिविर लगाकर आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड आदि का वितरण किया जाएगा। कलेक्टर उइके ने कहा कि जनजातीय गौरव दिवस हमारे गौरवशाली इतिहास और संस्कृति का प्रतीक है। जनजातीय समाज के योगदान को याद कर नई पीढ़ी को प्रेरणा दी जानी चाहिए। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2021 से भारत सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इस वर्ष धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा के 150वीं जंयती के उपलक्ष्य में 1 नवम्बर से 15 नवम्बर तक पूरे देश में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस संबंध में कलेक्टर श्री उइके ने सभी एस.डी.एम. को अनुसूचित जनजातियों के छात्र-छात्राओं के जाति प्रमाण पत्र बनाने, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आश्रम-छात्रावास एवं प्रमुख स्थानों पर निशुल्क सिकलसेल एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करने, अनुसूचित जनजातियों के हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित करने, आदिवासी विभाग द्वारा छात्रावास-आश्रम, विद्यालय में साफ-सफाई, वृक्षारोपण, जनजातीय नायक-नायिकाओं के विषय पर संगोष्ठी, वाद-विवाद, चित्रकला, निबंध प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्अर पंकज डाहिरे, नवीन भगत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विश्व श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा नवापारा पहुंची, भक्तों ने किया स्वागत

**नवापारा-राजिम।** श्याम वर्ण पाषाण से निर्मित, विश्व में प्रथम, देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा जयपुर से बुधवार को नवापारा पहुँचने पर समाज के लोगों ने स्वागत कर नसिया जी में अस्थाई रूप से विराजमान किया हैं। बताया गया है कि श्री शांतिनाथ भगवान की यह प्रतिमा 63 इंच की है, जो कि नई मंदिर के मूलनायक होंगे एवं विश्व की इकलौती प्रतिमा है जो कि काले पाषाण साउथ के जेड ब्लैक पत्थर से बनी हुई है, प्रतिमा बहुत ही अलौकिक और सुंदर हैं जिससे अंचल में शांति और खुशहाली व्याप्त होगी। मूलनायक भगवान सहित अन्य सभी प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा 19 जनवरी से 25 जनवरी 2026 में होने वाले भव्य पंचकल्याणक महोत्सव में किया जायेगा। नए मंदिर के मूलनायक भगवान एवं विधि नायक भगवान को लेकर पंचायत कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश जैन, सुधीर जैन, संजय पाटनी, मूलनायक प्रतिमा दातार पंकज जैन जयपुर से लेकर आज नयापारा पहुंचें। अपने नेत्रों से भगवान को मूल वेदिका में विराजमान होते देखने का अवसर जीवन में प्रथम और अंतिम बार ही प्राप्त होगा क्योंकि मूलनायक



भगवान वेदीका पर विराजमान एक बार ही होंगे जो हमेशा हमेशा वही विराजमान रहेंगे। जब भगवान अपनी मूल वेदिका में विराजमान होंगे, उस अवसर पर सर्वप्रथम भक्ति पाठ एवं प्रार्थना पाठ किया जाएगा और वेदिका पर विशेष यंत्र की स्थापना की जाएगी, जो हमेशा हमेशा इस वेदिका में स्थापित रहेंगे। मूलनायक भगवान की भव्य प्रतिमा के आगमन की भव्य शोभायात्रा दोपहर 12.30 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से गाजे बाजे के साथ गंज रोड, पुराना बस स्टेण्ड होते हुए सदर रोड स्थित नवीन जिनालय की भव्य वेदिका में विराजमान की जाएगी।

## 15 से धान खरीदी के लिए सहायक आयुक्त सहकारिता ने जारी किया आदेश

**राजिम।** कर्मचारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से धान खरीदी को लेकर गरियाबंद सहायक आयुक्त माहेश्वरी तिवारी ने एक आदेश जारी कर जिले के सभी प्राधिकृत अधिकारियो को निर्देशित किया है कि धान उपार्जन केंद्रो में उपार्जन संबंधी सभी कार्यो एवं दायित्वो का निर्वहन करना सुनिश्चत करे। आदेश में कहा गया है कि 15 नवंबर से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मुल्य पर धान खरीदी किया जाना है। वर्तमान में धान खरीदी संबंधी कार्य धान उपार्जन केंद्रो में सोसायटी साफ्टवेयर की स्थापना,नया-पुराना बारदाना की प्राप्ति/ प्रविष्टि एवं साफ्टवेयर ट्रायल रन आदि का संपादन किया जाना है। किंतु समिति के समस्त कर्मचारी प्रबंधक/ खरीदी प्रभारी/ डाटा एंट्री ऑपरेटर 3 नवंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। सहायक आयुक्त सहकारिता श्री तिवारी ने अपने आदेश में लिखा है कि छत्तीसगढ़ सहकारी सोसायटी अधिनियम 1960 की धारा 49(8) द्वारा आपको प्राधिकृत अधिकारी के रूप में समिति के समस्त कार्यो के संचालन का उत्तरदायित्व दिया गया



है। अतएव धान उपार्जन केंद्र में आपको अधिकृत किया जाता है। सहायक आयुक्त के इस आदेश के बाद जिले के सभी 67 धान उपार्जन केंद्रो में प्राधिकृत अधिकारी तैयारी में जुट गए है। इसी तारतम्य में राजिम-श्यामनगर के प्राधिकृत अधिकारी जितेंद्र सोनकर एवं जेंजरा के प्राधिकृत अधिकारी महेश साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि वे इस आदेश के तहत 15 नवंबर से धान खरीदी कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए तत्पर है। उपार्जन केंद्रो की साफ-सफाई की जा चुकी है। बोरे,सुतली,कम्प्यूटर और हमालो को भी ताकिद कर दिया गया है। किसानो को किसी भी तरह से परेशानियो का सामना करना न पड़े ऐसी तैयारी की जा रही है। जिले के दोनो विधानसभा क्षेत्र राजिम और बिंद्रानवागढ़ मिलाकर 67 उपार्जन केंद्र है। सभी उपार्जन केंद्रो में प्राधिकृत अधिकारी तैयारी में जुट गए है।



## श्री राधाकृष्ण मंदिर में अग्रवाल परिवार द्वारा दसवें दिन भी भव्य भोज व सम्मान समारोह आयोजित

**नवापारा-राजिम।** श्री राधाकृष्ण मंदिर में भोज कार्यक्रम के दसवें दिन पूरा अग्रवाल परिवार जिसमें सर्वराकार मोहनलाल ट्रस्टी, गोपाल,गिरधारी, अभिषेक, नयन, प्रतीक, रवि, प्रणय, अग्रवाल, गौरी, पूजा, निधि, वर्षा, भारती ,कुसुम, बीना, सविता अग्रवाल हर आगंतुको का हाथ जोड़कर भोजन ग्रहण करने कह रहे थे। ईधर अग्रवाल, माहेश्वरी, जैन, सिंध, साहू, कंसारी, ब्राम्हण, गुप्ता समाज की मातृशक्तियां सेवा कार्य में लगी हुई थी। कार्यक्रम में मंदिर के पुजारी रविशंकर गौतम एवं इनके पुत्र पवन गौतम को मंच में आमंत्रित कर तिलक वंदन कर पगड़ी पहनाकर दुपट्टा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि बुधवार को रावतपुरा हास्पिटल एवं मेघा पॉलिक्लिनिक का निशुल्क जांच शिविर लगाया गया था।

## सुरसाबांधा के चुम्मन वर्मा ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की

**कोपरा।** समीपस्थ सुरसाबांधा ग्राम के कुर्मी समाज में हर्ष का माहौल है। गांव के युवा चुम्मन वर्मा, पिता देवाराम वर्मा ने कठिन परिश्रम से चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण कर समाज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। इस अवसर पर क्षत्रिय कुर्मी समाज सर्किल राजिम के अध्यक्ष डॉ. जवाहरलाल वर्मा, ग्रामीण अध्यक्ष नंदकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष रामाधार वर्मा, तथा समाज के वरिष्ठ सदस्य कृष्णा वर्मा, पुरुषोत्तम वर्मा, रामदयाल वर्मा, आनंद वर्मा, बहूर वर्मा, तुलसीराम वर्मा, दशरथ वर्मा, दुष्यंत वर्मा और सूर्यकांत वर्मा सहित समस्त ग्रामीण समाज ने उन्हें हार्दिक



शुभकामनाएं और बधाई दी। सभी ने इस अवसर पर कहा कि चुम्मन वर्मा ने मेहनत और लगन से जो मुकाम हासिल किया है, वह युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। वे आगे भी अपने कार्य को निष्ठा और कर्तव्यभाव से करते हुए अपने माता-पिता एवं समाज का नाम उज्जवल करें।

## धान खरीदी पर उदासीनता किसानों के साथ छलावा : धनेन्द्र

**नवापारा-राजिम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ किसान नेता धनेन्द्र साहू ने राज्य शासन पर धान खरीदी को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार का रवैया यह दर्शाता है कि वह किसानों से धान खरीदने की इच्छुक ही नहीं है। श्री साहू ने कहा कि प्रदेश के सभी धान खरीदी केंद्रों में तैयारी के नाम पर शून्यता है। न कहीं साफ-सफाई हुई है, न बिजली की समुचित व्यवस्था है, न बारदाना और न ही कांटे की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। सभी धान खरीदी केंद्रों के दरवाजों पर आज भी ताले लटक रहे हैं। कहा कि हर वर्ष धान खरीदी से पहले किसानों को ऑनलाइन टोकन जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाती थी, लेकिन इस वर्ष अब तक टोकन जारी करने वाला पोर्टल ही बंद है। वहीं, लाखों किसानों का एग्रीस्टेक पंजीयन बार-बार तारीख बढ़ाने के बावजूद अधूरा है, जिससे किसान बेहद परेशान हैं। शासन के निर्णय अनुसार 15 नवम्बर से धान खरीदी प्रारंभ होनी है, किंतु आज तक प्रदेश के किसी भी जिले में खरीदी की कोई तैयारी नहीं हुई है।



दूसरी ओर खेतों में कटाई-मिजाई जोरों पर चल रही है, किसान के घरों और कोठारों में रखने की जगह नहीं बची है। दवाई और खाद की उधारी चुकाने के लिए कई किसान मजबूरन अपने धान को कोचियों और राइस मिलों को औने-पौने दामों में बेचने को विवश हैं। इन सारी परिस्थितियों को देखते हुए किसान अभी काफी चिंतित हैं कि सरकार धान खरीदी की व्यवस्था कब तक कर पाएगी? श्री साहू ने कहा कि यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है और किसानों के साथ स्पष्ट छलावा है। उन्होंने शासन से मांग की है कि जिन किसानों का पंजीयन अब तक नहीं हुआ है, उनके पंजीयन अवधि बढ़ाकर शीघ्र पंजीयन सुनिश्चित किया जाए तथा धान खरीदी के लिए पोर्टल तत्काल चालू किया जाए। प्रदेश के सभी खरीदी केंद्रों में तैयारियां पूर्ण कर घोषणानुसार 15 नवंबर से समय पर धान खरीदी प्रारंभ की जाए। कहा कि किसानों के धान खरीदी के प्रति शासन की इस उदासीनता और कुप्रबंधन से ऐसा प्रतीत होता है मानो प्रदेश में शासन का अस्तित्व ही समाप्त हो गया है।

**खान-पान में बदलाव के चलते स्थिति तेजी से बदल रहीं**

# युवाओं को भी जकड़ रहा हाई बीपी और शुगर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में एक समय था जब ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसे शब्द सुनते ही मन में बुजुर्गों की छवि उभरती थी। पर अब तस्वीर बदल गई है। बीमारियों का यह चेहरा न केवल उम्रदराज लोगों में बल्कि युवाओं में भी तेजी से फैलता जा रहा है। 20 से 35 वर्ष के युवा, जो देश का भविष्य माने जाते हैं, अब इस भविष्य पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। इसका कारण कोई वायरस या बाहरी हमला नहीं, बल्कि खुद उनकी जीवनशैली है। क्षेत्र के आज युवा वर्ग लगातार वर्क प्रेशर, सोशल मीडिया प्रेशर, कैरियर प्रेशर, और सक्सेस प्रेशर से जूझ रहा है।इन सबके बीच न व्यायाम के लिए समय है, न पर्याप्त नींद के लिए, जक फूड, कोल्ड ड्रिंक्स, शराब, धूम्रपान और मोबाइल की लत ने उन्हें बीमारियों की ओर ढकेल दिया है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला के डा राहुल नेताम ने बताया कि अंचलों में शुगर के मरीज सामने आते हैं। इनमें से करीब 20 से 35 उम्र के बीच है। 20 साल पहले गांवों में शुगर और बीपी जैसी बीमारियों को शहरी जीवन का नतीजा माना जाता था, लेकिन अब गांवों में भी मोटापा, तनाव और खान-पान में बदलाव के चलते यह स्थिति तेजी से बदल रहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में भी युवा अब बीपी शुगर की नियमित दवाइयां लेने को मजबूर हो रहे हैं। डा राहुल नेताम ने कहा कि युवाओं में शुगर और बीपी की समस्या पहले बहुत कम देखने को मिलती थी, लेकिन अब ये बेहद चिंता की बात है। उनका कहना है कि अनियमित दिनचर्या, तनाव और पर्याप्त नींद की कमी इन बीमारियों की सबसे बड़ी वजह है।



### समाज और परिवार को भी जागरूक होने की जरूरत

आज के युवा रातभर मोबाइल चलाते हैं, दिन में लेट उठते हैं और नाश्ता छोड़कर सीधे दोपहर का फास्ट फूड खाते हैं। यह आदतें धीरे धीरे शरीर को खोखला कर रही है। यहां केवल व्यक्तिगत स्तर पर बदलाव से ही यह लडाई नहीं जीती जा सकती। इसके लिए समाज और परिवार को भी जागरूक होने की जरूरत है।

इसी कड़ी में ग्रामीण सहायता चिकित्सा डा प्रज्ञेश देवांगन ने कहा की बढ़ती बीपी शुगर की समस्या एक खामोश खतरा बनकर युवाओं के जीवन को प्रभावित कर रही है। यह न सिर्फ स्वास्थ्य का सवाल है, बल्कि आने वाले समय में समाज की उत्पादकता और आर्थिक ढांचे को भी प्रभावित कर सकता है। ऐसे में अब समय आ गया है कि युवा खुद जागरूक बने और अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें, क्योंकि स्वस्थ युवा ही अपने माता-पिता, परिवार, समाज के साथ साथ देश का सशक्त भविष्य है।

## कलेक्टर ने चयनित हितग्राहियों को दिया नियुक्ति पत्र



**गरियाबंद।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र के माध्यम से 26 सितम्बर 2025 को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया था जिसमें निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठान द्वारा 45 दिवस फुड एवं बेवरोज सर्विस में प्रशिक्षण आवेदको को दिया गया। कलेक्टर बीएस उइके ने चयनित हितग्राहियों को एक निजी संस्थान के हॉटल हैदराबाद में स्टीवर्ड पद पर नियुक्ति पत्र प्रदान कर चयनित आवेदकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दोरान जिला रोजगार अधिकारी अंजुम अफरोज सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### डॉ. प्रज्ञेस जैन बने हड्डी रोग विशेषज्ञ



**नवापारा-राजिम।** अनिल-नंदिता जैन के बेटे एवं मनोज-जय कुमार के भतीजे डॉ प्रज्ञेस जैन महाराष्ट्र के लोनी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की डिग्री लेकर महावीर तीर्थंकर विश्वविद्यालय मुरादाबाद में हड्डी रोग विशेषज्ञ के रूप में परीक्षा पास की। डॉ. जैन को नगर का गौरव बताते हुए जैन समाज के संरक्षक रमेश पहाड़िया, अध्यक्ष अखिलेश जैन, मनोज जैन, अनिल जैन, अशोक गंगवाल, विजय गोयल, डॉ. प्रमोद गुप्ता, डॉ. प्रतीक साह, डॉ. दिलीप साह, डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. राजेंद्र गदिया, राकेश जैन, अंकित चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू, पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, आशीष चौधरी, रमेश चौधरी, आकाश गंगवाल, आशीष जैन, रवि जैन, मोंटू चौधरी, पंडित ऋषभ चंद शास्त्री, पंकज पारख, मनीष दमानी, रजनीश चौधरी, मनीष चौधरी ने बधाई दी हैं।

### सोनिया जैन एमएस की परीक्षा उत्तीर्ण की



**नवापारा-राजिम।** विनोद डॉक्टर वैशाली जैन की सुपुत्री सोनिया जैन महावीर तीर्थंकर विश्वविद्यालय मुरादाबाद से एमबीबीएस एवं एमएस की परीक्षा पास कर महिला रोग विशेषज्ञ के रूप में शहर पहुंची तो जैन समाज के साथ-साथ नगरवासियों ने उनका स्वागत अभिनंदन किया। बता दें कि सोनिया की प्रारंभिक शिक्षा टीवीएस स्कूल नवापारा से शुरू हुई एवं एम एस की परीक्षा मुरादाबाद मेडिकल कॉलेज से उत्तीर्ण की। इस सफलता पर जैन समाज के लोगो के अलावा डॉ. केआर सिन्हा, डॉ. दिलीप शाह, डॉ. बलजीत सिंग, डॉ. राजेंद्र गदिया ने बधाई दी हैं।

### ओमप्रकाश बने पोखरा परिक्षेत्र साहू समाज के मीडिया प्रभारी



**राजिम।** ग्राम बकली निवासी ओमप्रकाश साहू को पोखरा परिक्षेत्र साहू समाज के मीडिया प्रभारी बनाया गया है। मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर समाज के अध्यक्ष अश्वनी साहू, ललित साहू, उमेश साहू, डॉक्टर चंद्रिका साहू रामजी साहू, कामना साहू, हरिश्चंद्र साहू, त्रिलोचन साहू, भारत साहू, बोधन साहू, अंजर साहू, दिव्यांश साहू, टानिक साहू, तुलसीराम साहू, भागवत साहू, सहदेव साहू, मुकेश साहू, डोमन साहू, रोशन साहू, दिनेश साहू ने उन्हें बधाई दी है।

### सरकार का दावा हर हाल में 15 नवंबर से होगी खरीदी पर जमीनी हकीकत कुछ और

# सोसाइटी कर्मचारी हड़ताल पर, 15 को होगी धान खरीदी का शुभारंभ, तैयारी अभी तक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 15 नवम्बर दिन शनिवार से हर हाल में धान खरीदी प्रारंभ करने का दावा किया जा रहा है लेकिन गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है अभी तक सहकारी सोसायटियो में तैयारियां प्रारंभ नही हुई है हालंकि धान खरीदी केन्द्रो में बारदाना पहुंचा दिया गया है लेकिन ताला लगे हुए है। खरीदी केन्द्रो में साफ सफाई घेराबंदी और अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध नही कराई गई है धान खरीदी पर संकट मंडरा रहा है दूसरी ओर छत्तीसगढ़ सहकारी समिति संघ के आह्वान पर अ्निि"चतकालीन हड़ताल में चले जाने से खरीदी केन्द्रों की हालत खराब है हालंकि तहसील मुख्यालय मैनपुर नवमुड़ा धान खरीदी केन्द्र में बुधवार को खाद्य विभाग के स्थानीय अधिकारी एवं कृशि विभाग के अधिकारी पहुंचकर खरीदी केन्द्र की साफ सफाई के साथ सीसी टीवी कैमरा लगाने का कार्य प्रारंभ किया था लेकिन अन्य दर्जन भर से ज्यादा विकासखण्ड के खरीदी केन्द्रो में कोई तैयारी नजर नही आ रही है। धान खरीदी केन्द्र शोभा का जायजा लेने हरिभूमि की टीम तो यहां कोई तैयारी नहीं है खरीदी केन्द्र में ताला लगा हुआ है और चारो तरफ फेंसिंग तार व घेराबंदी नहीं किया गया है और तो और खरीदी केन्द्र में पिछले वर्ष का खराब बोरा और रेत की भी साफ -सफाई नहीं किया गया है। ऐसी ही स्थिति लगभग अधिकांश खरीदी केन्द्रों में देखने को मिल रही है।





#### किसानों को टोकन जारी नहीं

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ करने के लिए एक दिन का समय बाकी है और सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते धान खरीदी कार्य जहां प्रभावित होने की संभावना है। वहीं वर्तमान में किसानों को खसरा मिलान करने की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एग्रीस्टेक के कार्य भी प्रभावित हो रहे है। ज्ञात हो कि सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा अपने जायज तीन सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है उनकी प्रमुख मांगों में मध्यप्रदेश सरकार के तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियो के कर्मचारियो के वेतनमान व अन्य सुविधाएं ग्रेजयुटी, मंहगाई भत्ता, पेंशन, भविष्यनिधि आदि लाभ देने के लिए प्रतिवर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रूपये प्रबंधकीय अनुदान राशि देने शीघ्र आदेश किया जाए। सेवा नियम 2018 को संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू कर लाभ दी जाए और सेवा नियम 2018 प्रावधान अनुसार 50 प्रतिशत बैंको के केडर समिति प्रबंधको पर विभागीय भर्ती तत्काल प्रारंभ किया जाये जिला सहकारी बैंको के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के खाली पदो पर 50 प्रतिशत समिति कर्मचारियो से विभागीय भर्ती लेते हुए सेवा नियम 2012 के अनुसार समितियो में पदस्थ समिति प्रबंधको को जिला सहकारी बैंक के केडर प्रबंधक माना जाये। समर्थन मूल्य धान खरीदी 2023–24 एवं 2024–25 में धान परिदान प"चात हुई संपूर्ण सुखत मान्य कर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समिति को राशि दिया जाये खरीप विपणन वर्श 2024 –25 में भी शून्य शार्टेज प्रावधान का लाभ दिया जाये। सुरक्षा एवं प्रासंगिक व्यय तथा धान कमीशन खाद बीज उपभोक्ता फसल बीमा आदि में 4 गुना कमीशन में बढ़ोत्तरी कर राशन वितरण पर प्रतिक्विंजल 500 ग्राम क्षतिपूर्ति अथवा 5 हजार रूपये विक्रेताओं को प्रतिमाह दिया जाये। समस्त समितियों के कर्मचारियों का लंबित वेतन भुगतान 15 अक्टूबर 2025 तक का भुगतान कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाये इन मांगो को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जा रहा है। ऐन धान खरीदी से पहले कर्मचारियों के हड़ताल से धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना है। वहीं धान खरीदी के लिए फड़ व अन्य जरूरी इंतिजाम अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया जिससे धान खरीदी समय पर शुरू होने में संशय बना हुआ है।

#### धान खरीदी को लेकर सरकार गंभीर नहीं : ध्रुव



बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा की मैनपुर देवभोग क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्रों में कोई तैयारी प्रारंभ नहीं हुई है। सरकार धान खरीदी को लेकर गंभीर नजर नहीं आ रहे हैं। लगातार कर्मचारी अपने जायज मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे है। सरकार को चाहिए की तत्काल उनकी मांगों को पूरा किया जाए। श्री ध्रुव ने कहा की यदि समय रहते हुए शासन प्रशासन और सहकारी समिति कर्मचारियो के बीच समाधान नहीं निकाला गया तो 15 नवम्बर से शुरू होने वाला धान खरीदी व्यवस्था गंभीर रूप से प्रभावित हो सकता है। श्री ध्रुव ने कहा की किसानों ने खाद की कमी, कीट प्रकोप, बेमौसम बारिश जैसे विपरित परिस्थितियों में भी किसी तरह अपने फसलों को बचाकर अब जब धान बेचने का समय आया तो सहकारी समितियों के दरवाजे बंद होने से किसान चिंतित है वर्तमान समय में सैकड़ों किसानों का एग्री स्टेक पंजीयन नहीं हुआ है। किसानों को लंबे समय तक भुगतान में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

## सेंट जॉन इंग्लिश मीडियम स्कूल छूरा में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया



**छुरा।** सेंट जॉन इंग्लिश मीडियम स्कूल में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आज़ाद की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय शिक्षा दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत एक विशेष सभा से हुई, जिसमें संस्था के प्राचार्या बिंदु जार्ज जेकब ने मौलाना आज़ाद के शिक्षा क्षेत्र में योगदान पर भाषण, "आज का विचार" और विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक प्रेरणादायक कविता शामिल थी। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व को समझने और इसे उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का सशक्त माध्यम मानने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर "सभी के लिए शिक्षा" विषय पर आधारित विभिन्न गतिविधियाँ जैसे प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्राचार्य ने सभा को संबोधित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और निरंतर सीखने के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा ज्ञान के प्रकाश को फैलाने और समाज में सकारात्मक योगदान देने की शपथ के साथ हुआ।

## हाईवे के किनारे पटरी में मुरम की जगह डाला जा रहा मिट्टी

**मैनपुर।** नेशनल हाइवे 130 सी मैनपुर देवभोग मुख्य मार्ग में सड़क किनारे बड़े -बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं झरियाबाहरा से मंदागमुड़ा गोहरापदर तक सिंगल सड़क में साइड देते समय गड्ढे होने के कारण वाहन पलट रहे है और लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। क्षेत्रवासियों के मांग पर सड़क किनारे गड्ढों को पाटने का कार्य किया जा रहा है लेकिन मुरम के जगह उसमें मिट्टी डाल दिया जा रहा है। जेसीबी मशीन के माध्यम से सड़क किनारे ही खोदाई कर मिट्टी को पटरी में पाटा जा रहा है जिसके कारण यह मिट्टी जल्द ही धस जायेगी। क्षेत्र के लोगो ने गरियाबंद जिले के कलेक्टर से मांग किया है कि सड़क किनारे मुरम डलवाया जाए।



## कृषि संबंधी समस्याओं की किसानों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, गरियाबंद में बीएससी कृषि चतुर्थ वर्ष के छात्रों द्वारा ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम (रावे) के तहत ग्राम चैतरा में किसानों एवं ग्रामीणों के लिए सहभागी ग्रामीण मूल्यांकन (पीआरए)कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम चैतरा के दुर्गा पंडाल परिसर में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. गिरिजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव कार्यक्रम के समन्वयक लेखराम वर्मा द्वारा कराया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. अविनाश कुमार गौतम, डॉ. कुंतल साटकर एवं अतिथि शिक्षक आदर्श कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का



उद्देश्य ग्राम के कृषकों से संवाद स्थापित कर उनकी कृषि संबंधी समस्याओं, संसाधनों एवं कृषि पद्धतियों की जानकारी प्राप्त करना था। इस अवसर पर छात्रें ने गांव की सामाजिक, आर्थिक एवं कृषि स्थिति का सर्वेक्षण किया तथा ग्रामीणों के साथ मिलकर संसाधन मानचित्र, मौसमी कैलेंडर, समस्या वृक्ष एवं सामाजिक मानचित्र तैयार किए। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने ग्रामीण जीवन की वास्तविकताओं को समझा और ग्रामीणों की समस्याओं को करीब से जाना। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित शिक्षकों ने किसानों को नई तकनीकी विधियों एवं समन्वित कृषि प्रबंधन के महत्व की जानकारी दी, जिससे वे अपनी कृषि उत्पादकता बढ़ा सकें और अपनी आय में वृद्धि कर सकें। यह आयोजन ग्रामवासियों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी बड़े ही उत्साहपूर्वक तरीके से भाग लिया।

## महिलाएं वीआईए टेस्ट, ब्रेस्ट कैंसर के लिए बीएसी टेस्ट करवाएं : डॉ. राहुल

**छुरा।** आईएसबीएम युनिवर्सिटी के फैकल्टी ऑफ हेल्थ एंड एलाइड साइंसेस, फार्मेसी विभाग के द्वारा राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मे एक दिवस जागरूकता कार्यक्रम किया गया। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के

कुलपति डॉ. आनंद महलार ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र छुरा के चिकित्साधिकारी में पदस्थ डॉ. राहुल नेताम द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विभिन्न कैंसर के प्रकार एवं उपचार एवं बचाव पर सब विस्तार पूर्वक व्याख्यान दिया गया। महिलाओं को वीआईए टेस्ट ब्रेस्ट कैंसर के लिए बीएसी टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। पुरुषों को पीएसए टेस्ट करवाना चाहिए। ओरल कैंसर के लिए चार उंगलियों को मुंह में डालकर टेस्ट किया जा सकता है, यूरिन का बार-बार रुक आना प्रॉस्टैगैल्डिंग कैंसर हो सकता है।

इस कार्यक्रम का संयोजक प्रतिभा जयसवाल थी। हमारे इस पूरे कार्यक्रम के दौरान प्रमुखतः रूप से फार्मेसी विभाग के विभागाध्यक्ष युगल किशोर राजपूत, राजेन्द्र




कुमार साहू, अश्वनी कुमार साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू, प्रतिभा जायसवाल, विकास साहू, डॉली यदु, सभी लैब इंचार्ज का विशेष सहयोग रहा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. विनय एम अग्रवाल, कुलपति डॉ. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाषिस विश्वास, अकादमिक डीन डॉ. एनके स्वामी सभी ने फार्मेसी विभाग को बधाई दिया गया एवं आगे भी इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन के लिए प्रोत्साहित और सहयोग किया जाएगा।

**निषाद समाज के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोतीराम निषाद का सर्व समाज ने किया सम्मान**

## समाज के विश्वास पर खरा उतरने का करूंगा पूरा प्रयास : मोती राम

**छुईहा बेलर।** निषाद समाज जिला गरियाबंद के कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में ग्राम पंचायत बिजली के पूर्व सरपंच एवं युवा नेता मोतीराम निषाद की नियुक्ति पर पूरे क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। प्रदेश पदाधिकारियों की अनुशंसा तथा परीक्षेत्रीय अध्यक्षों की सहमति से उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है।

समाजजनों का कहना है कि ऊर्जावान युवा नेतृत्व के हाथों में संगठन की बागडोर आने से समाज में नई ऊर्जा का संचार होगा और संगठन अधिक सशक्त रूप में उभरेगा। इस अवसर पर राजिम भक्तिन माता समिति की ओर से



ग्राम बिजली में सादा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्व समाज के लोगों ने मोतीराम निषाद का शाल, श्रीफल और पुष्पमाला पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के पूर्व उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू, समिति अध्यक्ष लाला साहू, पूर्व सरपंच सेंदर रामाधार साहू, समीति के कार्यकारी अध्यक्ष ईश्वरी साहू, महासचिव लोकनाथ साहू, जनपद सदस्य एवं सभापति डॉ. दिलीप साहू, किसान नेता खोमन साहू, दोहन साहू, शालिकराम साहू, गोपाल साहू, सुरेश साहू, मदन साहू, गजेंद्र साहू, पूर्व पार्षद नंदकिशोर शर्मा, राजू परमार, आदिवासी समाज के वरिष्ठ सदस्य नरेंद्र ध्रुव एवं वैद्यराज ओमप्रकाश उपस्थित थे। सर्व समाज के इस स्नेह और सम्मान से अभिभूत नवनियुक्त जिलाध्यक्ष मोतीराम निषाद ने कहा की मैं समाज के विश्वास पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करूंगा। आने वाले समय में निषाद समाज, अन्य समाजों के साथ मिलकर सर्व समाज के विकास और उत्थान में योगदान देगा तथा सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करने की दिशा में कार्य करेगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शीघ्र ही निषाद समाज की ओर से एक विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिसमें समाज के सर्वांगीण विकास हेतु ठोस योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

## राजिम क्षेत्र शीत लहर की चपेट में दिन में भी चल रही ठंडी हवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

इस साल ठंड लेट से आया है। क्वांर और कार्तिक माह बिना ठंड के गुजर गया। अगहन लगने के बाद पिछले 4-5 दिनो से ठंड का अहसास अच्छे से होने लगा है। अब तो दिन में भी ठंडी हवाएं चल रही है। स्वेटर और शॉल आलमारी से बाहर निकल आए है। दिन में भी इसे अधिकांश लोगों को पहने हुए देखा जा रहा है। सुबह का धूप सुहाने लगा है। क्या शहर क्या गांव सभी जगह घर के बाहर चौरा में धूप का मजा लिया जा रहा है। शाम ढलते ही आग तापने की एक तरह से मजबूरी बन गई है। होटलो के भट्ठे के आसपास राहगीर खड़े होकर हाथ सेक रहे है तो ग्रामीण क्षेत्रो में कमोवेश हर घरो में आग जलाई जा रही है। अंगीठा तापने का कुछ मजा ही अलग है। राजिम एक ऐसा क्षेत्र



है जो तीन नदियों का संगम है लिहाजा ठंड भी यहां अच्छी पड़ती है। नदी के तटवर्ती गांवो में दिन में भी ठंडी हवाएं चलती है जिसके चलते लोग बिस्तर से देर से उठते है और देर से नहाते,खाते है। सरकारी और गैर सरकारी अधिकारी,कर्मचारी को टाइम पर दफ्तर पहुंचना पड़ता है। वहीं श्रमिक वर्ग को 9:30 बजे तक काम में हाजिर होना पड़ता है। मोटर-बाइक मैकेनिक से लेकर घर बनाने वाले मिस्त्री, पेंटर, ईलेट्रिरशियन भी अपने काम पर 10 बजे तक पहुंच जाते है। जबकि वापसी शाम 6 बजे के पहले हो जाती है। शाम होने के बाद कोई घर से बाहर निकलना नहीं चाहता। सड़के सूनी हो जाती है। बाजार ठंडा पड़ जाता है। दुकानो में ग्राहकी कम हो जाती है। एक तरह से शहर से गांव के बीच मार्ग सूनसान हो जाता है। वैसे सामान्यतः नवंबर-दिसंबर में ही ठंड का असर देखा जाता है, 14 जनवरी के पूर्व तक जोरदार ठंड पड़ती है। 14 जनवरी मकर संक्रांति के बाद ठंड कम होने लगती है।

